# AIBE-20 AIBE-XX SET-A 2025

**Q 1.** यदि कोई बेलिफ किसी सिविल न्यायालय के आदेश के आधार पर बेदखली करता है, जिसे बाद में अधिकार क्षेत्र के अभाव में शून्य घोषित कर दिया जाता है, तो भारतीय दंड संहिता की धारा 78 क्या सुरक्षा प्रदान करती है

**A.** बेलिफ दंडनीय है क्योंकि आदेश शुरु से ही अमान्य था ।

**B.** बेलिफ को केवल कम दंड से ही दंडित किया जा सकता है।

**C.** यदि बेलिफ ने आदेश के तहत सद्भावनापूर्वक कार्य किया है, तो उसे छूट प्राप्त है।

**D.** बेलिफ को बेदखल व्यक्ति को मुआवजा देना आवश्यक है।

**Answer: C**

**Q 2.** भारतीय न्याय संहिता, 2023 के तहत, एक अपराधी को एक समय में अधिकतम कितने दिनों तक एकांत कारावास (परिरोध) में रखा जा सकता है ?

**A.** सात

**B.** दस

**C.** चौदह

**D.** इक्कीस

**Answer: C**

**Q 3.** मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के अनुसार, मोटर वाहन दुर्घटना में हुई मृत्यु की स्थिति में दोष रहित दायित्व के अंतर्गत देय मुआवजे की निश्चित राशि क्या है ?

**A.** पच्चीस हजार रुपये

**B.** पचास हजार रुपये

**C.** एक लाख रुपये

**D.** पचहत्तर हजार रुपये

**Answer: B**

**Q 4.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है।

अभिकथन (A) : किसी कर्मचारी को एक वर्ष तक निरंतर सेवा में तभी माना जा सकता है जब उसने पिछले बारह महीनों में बिना किसी रुकावट के 365 दिन काम किया हो ।
कारण (R) : उपदान संदाय (ग्रेच्युटी भुगतान) अधिनियम, 1972 के अंतर्गत, निरंतर सेवा में बीमारी, दुर्घटना, छुट्टी, छंटनी, हड़ताल या तालाबंदी के कारण रुकावट की अवधि भी शामिल हो सकती है, जो कर्मचारी की गलती के कारण नहीं हुई हो ।
उपदान संदाय (ग्रेच्युटी भुगतान) अधिनियम, 1972 के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?

**A.** Both (A) और (R) दोनों सत्य हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है।

**B.** Both (A) और (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

**C.** (A) सत्य है, लेकिन (R) असत्य है।

**D.** (A) असत्य है, लेकिन (R) सत्य है।

**Answer: D**

**Q 5.** निम्नलिखित कथनों को पढ़ें और सही विकल्प चुनें|
कथन 1 : भारतीय दंड संहिता के तहत, यदि कोई व्यक्ति किसी ऐसे अपराधी को शरण देता है जो 3 वर्ष तक के कारावास से दंडनीय अपराध के लिए हिरासत से भाग गया है, तो उसे 7 वर्ष तक के कारावास से दंडित किया जाएगा।
कथन 2 : कानून अपराधी के पति या पत्नी द्वारा शरण देने या छिपाने के लिए एक अपवाद प्रदान करता है ।
भारतीय दंड संहिता के संदर्भ में उपर्युक्त कथनों में से कौन सा सही है ?

**A.** कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं

**B.** केवल कथन 2 सत्य है

**C.** केवल कथन 1 सत्य है

**D.** दोनों कथन सत्य हैं

**Answer: C**

**Q 6.** यदि कोई व्यक्ति अधिकतम 10 वर्ष के कारावास से दंडनीय अपराध का प्रयास करता है, तो भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 62 के अंतर्गत अधिकतम कितने वर्ष का कारावास दिया जा सकता है ?

**A.** पाँच वर्ष

**B.** सात वर्ष

**C.** दस वर्ष

**D.** तीन वर्ष

**Answer: A**

**Q 7.** 14 वर्ष की आयु के एक किशोर को न्यायालय में ऐसे अपराध के लिए लाया जाता है जो मृत्युदंड या आजीवन कारावास से दंडनीय नहीं है। यह मामला मुख्यतः दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 के किस प्रावधान के अंतर्गत आएगा ?

**A.** धारा 27

**B.** धारा 125

**C.** धारा 302

**D.** धारा 482

**Answer: A**

**Q 8.** भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 290(1) के अंतर्गत, आरोप तय होने की तिथि से कितने दिनों के भीतर कोई अभियुक्त सौदा अभिवाक् के लिए आवेदन दायर कर सकता है?

**A.** 15

**B.** 30

**C.** 45

**D.** 60

**Answer: B**

**Q 9.** भारतीय न्याय संहिता, 2023 के अंतर्गत, यदि किसी व्यक्ति को ₹ 4,000 का जुर्माना अदा करने का आदेश दिया जाता है, लेकिन वह ऐसा करने में विफल रहता है, तो न्यायालय द्वारा चूककर्ता पर अधिकतम कितना साधारण कारावास लगाया जा सकता है ?

**A.** एक वर्ष

**B.** दो महीने

**C.** चार महीने

**D.** छह महीने

**Answer: B**

**Q 10.** भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 18 के अनुसार, लोक अभियोजक या अतिरिक्त लोक अभियोजक के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र माने जाने हेतु अधिवक्ता के रूप में विधि व्यवसाय की न्यूनतम अवधि कितनी है ?

**A.** 3 वर्ष

**B.** 5 वर्ष

**C.** 7 वर्ष

**D.** 10 वर्ष

**Answer: C**

**Q 11.** भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के अंतर्गत, ऐसे तथ्य जो अन्यथा अप्रासंगिक हैं, उन्हें कब प्रासंगिक माना जा सकता है ?

**A.** केवल तभी जब वे अभियुक्त के अपराध को प्रत्यक्ष रूप से सिद्ध करते हों

**B.** केवल तभी जब वे मृत्युकालिक कथन का भाग हों

**C.** जब वे किसी विवाद्यक तथ्य या प्रासंगिक तथ्य से असंगत हों

**D.** जब वे लिखित रूप में की गई स्वीकृति का भाग हों

**Answer: C**

**Q 12.** भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 33 के अंतर्गत पूर्व साक्ष्य के प्रासंगिक होने के लिए कौन-सी शर्त पूरी होनी चाहिए ?

**A.** साक्ष्य जूरी की उपस्थिति में दर्ज किया गया होगा ।

**B.** कार्यवाही उन्हीं पक्षों या उनके हित प्रतिनिधियों के बीच हुई हो ।

**C.** साक्ष्य सरकारी राजपत्र में प्रकाशित हुआ होगा ।

**D.** साक्ष्य की पुष्टि विशेषज्ञ की राय से हुई होगी।

**Answer: B**

**Q 13.** एक अदालती मुकदमे के दौरान, बचाव पक्ष के वकील ने साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत कुछ दस्तावेजों की स्वीकार्यता पर आपत्ति जताई। न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि केवल भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के तहत सार्वजनिक दस्तावेजों के रूप में वर्गीकृत दस्तावेजों को ही बिना किसी ठोस सबूत के स्वीकार किया जा सकता है। इस संदर्भ में, किस श्रेणी के दस्तावेज सार्वजनिक दस्तावेजों में शामिल होंगे ?

**A.** व्यक्तियों के बीच समझौतों का मसौदा

**B.** सरकारी अधिकारियों की व्यक्तिगत डायरियाँ

**C.** किसी निजी कंपनी के आंतरिक नोट्स

**D.** सरकारी अधिकारियों के न्यायिक और कार्यकारी कार्य

**Answer: D**

**Q 14.** भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के अंतर्गत एक षड्यंत्रकारी द्वारा कही या की गई बातों को दूसरों के विरुद्ध स्वीकार्य होने के लिए कौन सी शर्त पूरी होनी चाहिए ?

**A.** बयान षड्यंत्र समाप्त होने के बाद दिया जाना चाहिए

**B.** बयान में व्यक्तिगत लाभ के असंबंधित मामले शामिल होने चाहिए

**C.** यह मानने के लिए उचित आधार होना चाहिए कि षड्यंत्र मौजूद है

**D.** यह प्रमाण होना चाहिए कि प्रत्येक षड्यंत्रकारी ने व्यक्तिगत रूप से कृत्य किया है

**Answer: C**

**Q 15.** दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 30 के अनुसार, यदि कोई मजिस्ट्रेट किसी व्यक्ति को दो वर्ष के कारावास और जुर्माने की सजा सुनाता है, तो जुर्माना न चुकाने पर वह अधिकतम कितनी कारावास की सजा दे सकता है ?

**A.** 1 वर्ष

**B.** 2 वर्ष

C. 6 महीने

D. 3 महीने

**Answer: C**

**Q 16.** भारतीय संविधान के अनुसार, 86वें संविधान संशोधन के बाद, छह वर्ष से कम आयु के बच्चों की प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए किस नीति निदेशक सिद्धांत (तत्व) को संशोधित किया गया था ?

A. अनुच्छेद 39

B. अनुच्छेद 41

C. अनुच्छेद 47

D. अनुच्छेद 45

**Answer: D**

**Q 17.** सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अनुसार, जब किसी निष्पादन आदेश को अपील में चुनौती दी जाती है, तो डिक्री पारित करने वाले न्यायालय को सुरक्षा लेने का निर्देश कौन दे सकता है ? https://www.validcollege.com

A. केवल याचिका अधिकारिता का प्रयोग करने वाला उच्च न्यायालय

B. अपील की सुनवाई करने वाला अपीलीय न्यायालय

C. संपत्ति अभिलेखों का जिला रजिस्ट्रार

D. संबंधित अधिकारिता का पुलिस प्राधिकारी

**Answer: B**

**Q 18.** सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अंतर्गत, कितने उच्च न्यायालय के न्यायाधीश नियम समिति की न्यायिक सदस्यता का गठन करते हैं ?

A. उच्च न्यायालय के तीन न्यायाधीश

B. उच्च न्यायालय के दो न्यायाधीश

C. उच्च न्यायालय के चार न्यायाधीश

D. उच्च न्यायालय के पाँच न्यायाधीश

**Answer: A**

**Q 19.** प्रतिलिप्यधिकार (कॉपीराइट) अधिनियम, 1957 के अनुसार, धारा 63 के अंतर्गत कॉपीराइट उल्लंघन के लिए सामान्यतः अधिकतम सजा क्या है ?

**A.** तीन वर्ष तक का कारावास और दो लाख रुपये तक का जुर्माना

**B.** दो वर्ष तक का कारावास और एक लाख रुपये तक का जुर्माना

**C.** पाँच वर्ष तक का कारावास और तीन लाख रुपये तक का जुर्माना

**D.** सात वर्ष तक का कारावास और पाँच लाख रुपये तक का जुर्माना

**Answer: A**

**Q 20.** भारतीय संविधान के अनुसार, भारत में एक भाषाई समुदाय अपनी विशिष्ट लिपि और साहित्य को संरक्षित रखना चाहता | कौन-सा संवैधानिक प्रावधान उन्हें इसके संरक्षण का अधिकार प्रदान करता है?

**A.** अनुच्छेद 28 (1)

**B.** अनुच्छेद 29 (1)

**C.** अनुच्छेद 30 (2)

**D.** अनुच्छेद 32

**Answer: B**

**Q 21.** सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 58 के अंतर्गत ₹ 5,000 से अधिक की डिक्री राशि के लिए सिविल जेल में हिरासत की अधिकतम अवधि क्या है ?

**A.** छह सप्ताह

**B.** दो महीने

**C.** तीन महीने

**D.** छह महीने

**Answer: C**

**Q 22.** निम्नलिखित में से कौन-सी परिस्थिति सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 58 (1) (b) के अंतर्गत आती है ?

**A.** ₹1,800 की डिक्री, तीन महीने तक की हिरासत

**B.** ₹3,500 की डिक्री, छह सप्ताह तक की हिरासत

**C.** ₹6,200 की डिक्री, छह महीने तक की हिरासत

**D.** ₹10,000 की डिक्री, एक वर्ष तक की हिरासत

**Answer: B**

**Q 23.** अजय के विरुद्ध एक दीवानी वाद दायर किया गया है और न्यायालय उसे उपस्थित होने के लिए समन जारी करता है। समन प्राप्त होने के बाद, अजय अपने वकील से सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अंतर्गत अपने बचाव में लिखित बयान दाखिल करने की समय-सीमा समझने के लिए परामर्श करता है। समन की तामील की तिथि से कितने दिनों के भीतर उसे अपना लिखित बयान प्रस्तुत करना होगा ?

**A.** तीस दिन

**B.** पंद्रह दिन

**C.** साठ दिन

**D.** नब्बे दिन

**Answer: A**

**Q 24.** सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 14A (1) के अंतर्गत दिया गया पंजीकृत पता, यदि परिवर्तित न किया जाए, तो कितने समय तक वैध रहता है ?

**A.** मामले के अंतिम निर्धारण के छह वर्ष बाद

**B.** वाद प्रस्तुत करने के तीन वर्ष बाद

**C.** मामले के अंतिम निर्धारण के दो वर्ष बाद

**D.** डिक्री की तिथि से पाँच वर्ष

**Answer: C**

**Q 25.** माध्यस्थम् और सुलह अधिनियम, 1996 की धारा 25 (a) के अनुसार, यदि दावेदार पर्याप्त कारण के बिना अपना दावा विवरण प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो क्या होगा ?

**A.** अधिकरण मामले को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर देता है।

**B.** अधिकरण जुर्माना लगाता है, लेकिन कार्यवाही जारी रखता है।

**C.** अधिकरण यह मान लेता है कि दावा स्वीकार कर लिया गया है।

**D.** अधिकरण कार्यवाही समाप्त कर देता है।

**Answer: D**

**Q 26.** यदि कोई मामला विशेष विवाह अधिनियम, 1954 की धारा 10 के अंतर्गत केंद्र सरकार को प्रेषित किया जाता है, तो उसके निर्णय के पश्चात विवाह संपन्न कराने की समय सीमा क्या है ?

**A.** एक माह

**B.** दो माह

**C.** छह माह

**D.** तीन माह

**Answer: D**

**Q 27.** घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम, 2005 की धारा 31 के तहत संरक्षण आदेश के उल्लंघन के लिए कारावास की अधिकतम अवधि क्या है ?

**A.** छह महीने

**B.** एक वर्ष

**C.** दो वर्ष

**D.** तीन वर्ष

**Answer: B**

**Q 28.** भारतीय संविधान के किस प्रावधान के तहत जनहित याचिका (PIL) सीधे सर्वोच्च न्यायालय में दायर की जा सकती है ?

**A.** अनुच्छेद 21

**B.** अनुच्छेद 32

**C.** अनुच्छेद 226

**D.** अनुच्छेद 14

**Answer: B**

**Q 29.** भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 1894 के अंतर्गत, नोटिस के प्रकाशन और कलेक्टर के समक्ष हितबद्ध व्यक्तियों की उपस्थिति के बीच न्यूनतम कितनी अवधि बीतनी चाहिए ?

**A.** 7 दिनों से कम नहीं

**B.** 60 दिनों से कम नहीं

**C.** 15 दिनों से कम नहीं

**D.** 30 दिनों से कम नहीं

**Answer: C**

**Q 30.** किस प्रावधान के तहत कोई नागरिक जनहित के मुद्दों के संबंध में मजिस्ट्रेट की अदालत में सार्वजनिक मामला दायर कर सकता है ?

**A.** भारतीय दंड संहिता की धारा 302

**B.** दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 144

**C.** दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 133

**D.** दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 482

**Answer: C**

**Q 31.** आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 44AA (2) (i) के अनुसार, व्यवसाय करने वाले व्यक्ति को खाताबही रखनी होगी यदि व्यवसाय या पेशे से आय निम्नलिखित से अधिक है :

**A.** ₹1,20,000

**B.** ₹50,000

**C.** ₹5,00,000

**D.** ₹10,00,000

**Answer: A**

**Q 32.** पेटेंट अधिनियम, 1970 के अंतर्गत, कौन-सी स्थिति किसी पेटेंट आवेदन को निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद भी प्रकाशित होने से रोकती है ?

**A.** जब आवेदक ने शीघ्र परीक्षण के लिए अनुरोध प्रस्तुत किया हो ।

**B.** जब धारा 35 के अंतर्गत गोपनीयता निर्देश लागू किया गया हो ।

**C.** जब नियंत्रक द्वारा पेटेंट पहले ही प्रदान कर दिया गया हो ।

**D.** जब आवेदक ने समय विस्तार का अनुरोध किया हो ।

**Answer: B**

**Q 33.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है।

अभिकथन (A) : किसी समाचार पत्र में हित रखने वाला कोई भी व्यक्ति, जिसे जब्त घोषित कर दिया गया है, राजपत्र में प्रकाशन के दो महीने के भीतर उस घोषणा को रद्द करने के लिए उच्च न्यायालय में आवेदन कर सकता है।
कारण (R) : ऐसे आवेदनों की सुनवाई के लिए उच्च न्यायालय की विशेष पीठ में हमेशा ठीक तीन न्यायाधीश होने चाहिए, चाहे उस उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या कितनी भी हो ।
दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अंतर्गत उपर्युक्त अभिकथन और कारण के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?

**A.** (A) और (R) दोनों सत्य हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है।

**B.** (A) और (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

**C.** (A) सत्य है, लेकिन (R) असत्य है ।

**D.** (A) असत्य है, लेकिन (R) सत्य है ।

**Answer: C**

**Q 34.** निम्नलिखित कथनों को पढ़ें और सही विकल्प चुनें|

कथन 1 : भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के अंतर्गत, स्वीकृतियाँ सामान्यतः प्रासंगिक होती हैं और उन्हें देने वाले व्यक्ति के विरुद्ध सिद्ध किया जा सकता है, लेकिन सामान्यतः उस व्यक्ति द्वारा या उसकी ओर से सिद्ध नहीं किया जा सकता।
कथन 2 : कोई स्वीकृति उसे देने वाले व्यक्ति की ओर से तब भी सिद्ध की जा सकती है यदि वह मन या शरीर की किसी ऐसी दशा के अस्तित्व से संबंधित हो, जो उस समय या उसके लगभग की हो जब ऐसी दशा विद्यमान थी, और उसकी सत्यता दर्शाने वाले आचरण

द्वारा समर्थित हो ।

भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के अंतर्गत उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?

**A.** कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं

**B.** केवल कथन 1 सत्य है

**C.** केवल कथन 2 सत्य है

**D.** दोनों कथन सत्य हैं

**Answer: D**

**Q 35.** आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 16(ii) के अंतर्गत किस प्रकार का भत्ता कटौती के लिए योग्य है ? https://www.validcollege.com

**A.** निजी कंपनियों द्वारा दिया जाने वाला मकान किराया भत्ता

**B.** सरकारी कर्मचारियों को दिया जाने वाला मनोरंजन भत्ता

**C.** सभी वेतनभोगी व्यक्तियों को दिया जाने वाला परिवहन भत्ता

**D.** घरेलू यात्रा के लिए दिया जाने वाला अवकाश यात्रा भत्ता

**Answer: B**

**Q 36.** निम्नलिखित कथनों को पढ़ें और सही विकल्प चुनें|

कथन 1 : परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 के अंतर्गत, बिना प्रतिफल के निर्मित, आहरित, स्वीकृत या हस्तांतरित परक्राम्य लिखत, लेन-देन के पक्षों के बीच भुगतान का कोई दायित्व उत्पन्न नहीं करता है।

कथन 2 : परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 के अनुसार, यदि वह प्रतिफल जिसके लिए परक्राम्य लिखत जारी किया गया था, आंशिक रूप से विफल हो जाता है, तो निकटतम संबंध में धारक केवल वास्तव में प्राप्त प्रतिफल के अनुरूप आनुपातिक राशि ही वसूल करने का हकदार होता है ।

परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 के अंतर्गत उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

**A.** कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं

**B.** केवल कथन 1 सत्य है

**C.** केवल कथन 2 सत्य है

**D.** दोनों कथन सत्य हैं

**Answer: D**

**Q 37.** निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन के बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं|

कथन :पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत, जब किसी कंपनी द्वारा कोई अपराध किया जाता है, तो अपराध के समय कंपनी का प्रत्यक्ष रूप से प्रभारी और उत्तरदायी प्रत्येक व्यक्ति, साथ ही स्वयं कंपनी, दोषी मानी जाती है। हालाँकि, कोई व्यक्ति दायित्व से बच सकता है यदि वह यह साबित कर दे कि अपराध उसकी जानकारी के बिना किया गया था या उसने इसे रोकने के लिए उचित तत्परता बरती थी ।

निष्कर्ष :

I. अधिनियम के अंतर्गत पर्यावरणीय अपराधों के लिए कंपनी और उसके उत्तरदायी अधिकारियों को उत्तरदायी ठहराया जा सकता है।

II. एक बार कंपनी के किसी अपराध के दोषी पाए जाने पर कंपनी का कोई अधिकारी दायित्व से कभी नहीं बच सकता।

पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत उपर्युक्त कथन और निष्कर्षों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?

**A.** केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है

**B.** केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है

**C.** निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं

**D.** न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है

**Answer: A**

**Q 38.** आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 24(a) के तहत, गृह संपत्ति से आय के वार्षिक मूल्य का कितना प्रतिशत मानक कटौती के रूप में अनुमत है ?

**A.** 20

**B.** 40

**C.** 30

**D.** 50

**Answer: C**

**Q 39.** भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 1894 के तहत श्री मेहता की कृषि भूमि के अधिग्रहण हेतु सरकारी अधिसूचना जारी होने के बाद, उन्हें पता चलता है कि उनकी फसलों से होने वाली आय लगातार कम होती जा रही है, जब तक कि अधिकारी अंततः भूमि पर कब्ज़ा नहीं कर लेते। वे लाभ में इस कमी के लिए मुआवज़े की माँग करते हुए अदालत जाते हैं। अधिनियम के अनुसार, ऐसे मामले में किस प्रकार के नुकसान की भरपाई की जा सकती है?

**A.** बाज़ार में ज़मीन की गिरती कीमतों के कारण होने वाला नुकसान

**B.** किरायेदारी समझौतों के रद्द होने के कारण होने वाला नुकसान

**C.** आस-पास के इलाकों में रोज़गार का नुकसान

**D.** अधिग्रहण प्रक्रिया के कारण लाभ में वास्तविक कमी

**Answer: D**

**Q 40.** सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 35A के अनुसार, सामान्य मामलों में न्यायालय प्रतिकारात्मक खर्चे के रूप में अधिकतम कितनी राशि दिला सकता है ?

**A.** ₹2,000

**B.** ₹10,000

**C.** ₹5,000

**D.** ₹3,000

**Answer: D**

**Q 41.** भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 के अनुसार, प्रस्तावक के विरुद्ध स्वीकृति का संप्रेषण कब पूर्ण होता है ?

**A.** जब स्वीकृतिकर्ता स्वीकृति पत्र तैयार करता है

**B.** जब इसे स्वीकृतिकर्ता के नियंत्रण से बाहर भेज दिया जाता है

**C.** जब इसे प्रस्तावक पक्ष के कार्यालय में पहुँचा दिया जाता है

**D.** जब प्रस्तावक अपने अभिलेखों में प्राप्ति की स्वीकृति देता है

**Answer: B**

**Q 42.** राहुल अपना खुद का व्यापार चलाने के लिए शहर में एक दुकान किराए पर लेता है। बाद में, मकान मालिक पट्टा समाप्त करने का निर्णय लेता है। क्योंकि पट्टा कृषि या विनिर्माण के अलावा अन्य उद्देश्यों के लिए है और पक्षों के बीच कोई विशेष अनुबंध नहीं है, इसलिए मकान मालिक यह नहीं समझ पा रहा है कि संपत्ति अंतरण अधिनियम, 1882 के तहत पट्टा समाप्त करने के लिए उसे कानूनी तौर पर कितने दिनों का नोटिस देना होगा। आवश्यक नोटिस अवधि क्या है ?

**A.** पाँच दिन का नोटिस

**B.** पंद्रह दिन का नोटिस

**C.** पैंतालीस दिन का नोटिस

**D.** साठ दिन का नोटिस

**Answer: B**

**Q 43.** परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 के अनुसार, धारा 143 के अंतर्गत संक्षिप्त विचारण में मजिस्ट्रेट द्वारा दी जाने वाली अधिकतम कारावास की सजा क्या है ?

**A.** छह महीने का कारावास

**B.** दो वर्ष का कारावास

**C.** एक वर्ष का कारावास

**D.** तीन वर्ष का कारावास

**Answer: C**

**Q 44.** निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन के बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं ।

कथन : कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 157 के अनुसार, प्रत्येक कंपनी को धारा 156 के अंतर्गत सूचना प्राप्त होने के पंद्रह दिनों के भीतर अपने सभी निदेशकों की निदेशक पहचान संख्या (DIN) निर्धारित शुल्क के साथ रजिस्ट्रार को प्रस्तुत करनी होगी। ऐसा न

करने पर दंड लगाया जा सकता है।

निष्कर्ष :

I. यदि कोई कंपनी DIN प्रस्तुत करने में विफल रहती है, तो उसे दंडित किया जा सकता है।

II. कंपनी का प्रत्येक अधिकारी जो चूक करता है, दंड का भागी भी होगा ।

उपर्युक्त कथन और निष्कर्ष के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन- सा सही है ?

**A.** केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है

**B.** निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं

**C.** केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है

**D.** न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है

**Answer: C**

**Q 45.** सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 से संबंधित निम्नलिखित कथनों को पढ़ें और सही विकल्प चुनें।

कथन 1 : सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के अंतर्गत, डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र को प्रमाणन प्राधिकारी द्वारा अभिदाता, उसके अधिकृत प्रतिनिधि के अनुरोध पर, या यदि जनहित में आवश्यक समझा जाए, निलंबित किया जा सकता है ।

कथन 2 : इसी अधिनियम के अंतर्गत, डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र को अभिदाता को सुनवाई का अवसर दिए बिना अनिश्चित काल तक निलंबित रखा जा सकता है।

**A.** कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं

**B.** केवल कथन 1 सत्य है

**C.** केवल कथन 2 सत्य है

**D.** दोनों कथन सत्य हैं

**Answer: B**

**Q 46.** निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन के बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं ।

कथन: बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के अनुसार, उपयुक्त सरकार प्रत्येक बच्चे या किशोर के लिए बाल एवं किशोर श्रम पुनर्वास कोष में ₹15,000 जमा करती है, जिसके लिए नियोक्ता से जुर्माने की राशि जमा की गई है। कोष में राशि बैंकों में जमा या निवेश की जाती है, और अर्जित ब्याज भी बच्चा या किशोर को देय होता है।

निष्कर्ष :

I. बच्चा या किशोर न केवल जमा की गई राशि का, बल्कि उस पर अर्जित ब्याज का भी हकदार है।

II. सरकार को नियोक्ता से जुर्माने के रूप में ली गई राशि के अलावा कोई अन्य धनराशि जमा करने की आवश्यकता नहीं है।

उपर्युक्त कथन और निष्कर्षों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?

**A.** केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

**B.** केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

**C.** दोनों निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं।

**D.** न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है।

**Answer: A**

**Q 47.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है।

अभिकथन (A) : भारतीय न्याय संहिता, 2023, सामूहिक बलात्कार के कुछ रूपों के लिए

मृत्युदंड का प्रावधान करती है।

कारण (R) : इस प्रावधान का उद्देश्य सभी यौन अपराधों को गैर-जमानती बनाना है ।

उपर्युक्त दो कथनों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

**A.** (A) और (R) दोनों सत्य हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है।

**B.** (A) और (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

**C.** (A) सत्य है, लेकिन (R) असत्य है ।

**D.** (A) असत्य है, लेकिन (R) सत्य है ।

**Answer: C**

**Q 48.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है।

अभिकथन (A) : भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के अंतर्गत, यदि घोषित व्यक्ति घोषणा में निर्दिष्ट समय के भीतर उपस्थित होता है, तो न्यायालय कुर्क की गई संपत्ति को मुक्त कर देगा |

कारण (R) : भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के अंतर्गत संपत्ति की कुर्की का उद्देश्य उद्घोषित व्यक्ति को न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने के लिए बाध्य करना है, न कि उसे उसकी संपत्ति से स्थायी रूप से वंचित करना ।

उपर्युक्त अभिकथन और कारण के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

**A.** (A) और (R) दोनों सत्य हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है।

**B.** (A) और (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**C.** (A) सत्य है, लेकिन (R) असत्य है ।

**D.** (A) असत्य है, लेकिन (R) सत्य है ।

**Answer: A**

**Q 49.** दिए गए कथनों को पढ़ें और सही विकल्प चुनें। दो कंपनियों के बीच उनके मध्यस्थता खंड के प्रवर्तन को लेकर विवाद उत्पन्न होता है। निम्नलिखित कथनों की जाँच कीजिए:

कथन 1 : एक मध्यस्थता समझौता लिखित रूप में होना चाहिए, और यह किसी अनुबंध, पत्रों के आदान-प्रदान, टेलेक्स, टेलीग्राम या इलेक्ट्रॉनिक संचार के माध्यम से हो सकता है।

कथन 2 : एक मध्यस्थता समझौता बिना किसी लिखित रिकॉर्ड के, केवल पक्षों के आचरण से ही निहित हो सकता है।

**A.** केवल कथन 1 सत्य है

**B.** केवल कथन 2 सत्य है

**C.** कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं

**D.** न तो कथन 1 और न ही 2 सत्य है

**Answer: A**

**Q 50.** निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन के बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं।

कथन: अधिवक्ता अधिनियम, 1961 के अनुसार, जब किसी राज्य बार काउंसिल का कार्यकाल बिना चुनाव के समाप्त हो जाता है, तो बार काउंसिल ऑफ इंडिया एक विशेष समिति का गठन करेगी, जिसमें राज्य बार काउंसिल का पदेन सदस्य अध्यक्ष और दो मनोनीत सदस्य होंगे। विशेष समिति को नई काउंसिल के गठन तक राज्य बार काउंसिल के सभी कार्यों का निर्वहन करने का अधिकार है, और चुनाव छह महीने के भीतर होने चाहिए, जब तक कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा अवधि बढ़ाई न जाए ।

निष्कर्ष :

I. विशेष समिति को राज्य बार काउंसिल के लंबित अनुशासनात्मक मामलों को संभालने का अधिकार है।

II. बार काउंसिल ऑफ इंडिया, दर्ज कारणों से, राज्य बार काउंसिल के चुनाव कराने के लिए छह महीने की अवधि बढ़ा सकती है। उपर्युक्त कथन और निष्कर्षों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन- सा सही है ?

**A.** केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है

**B.** केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है

**C.** निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं

**D.** न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है

**Answer: C**

**Q 51.** दिए गए कथनों को पढ़िए और सही विकल्प चुनिए ।

कथन 1: आयकर अधिनियम, 1961 के अंतर्गत, गृह संपत्ति से आय की गणना करते समय वार्षिक मूल्य के 300% के आदर कटौती की अनुमति है।

कथन 2 : जहाँ संपत्ति उधार ली गई पूँजी से अर्जित या निर्मित की गई है, ऐसी पूंजी पर देय व्याज के लिए अधिकतम कुछ शर्तों के अधीन ₹2,00,000 तक सीमित है।

**A.** कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं

**B.** केवल कथन 1 सत्य है

**C.** केवल कथन 2 सत्य है

**D.** दोनों कथन सत्य हैं

**Answer: D**

**Q 52.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है। https://www.validcollege.com

अभिकथन (A) : हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 के अंतर्गत, मिताक्षरा कानून द्वारा शासित संयुक्त हिंदू परिवार में पुत्री, पुत्र की भांति जन्म से ही अपने अधिकार से सहदायिक हो जाती है।

कारण (R) : यह https://www.validcollege.com [illegible] के समान अधिकार, दायित्व और निर्योग्यताएँ प्रदान करता है। हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 के अंतर्गत उपर्युक्त अभिकथन और कारण के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?

**A.** (A) और (R) दोनों सत्य हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है।

**B.** (A) और (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**C.** (A) सत्य है, लेकिन (R) असत्य है।

**D.** (A) असत्य है, लेकिन (R) सत्य है ।

**Answer: A**

**Q 53.** भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 के अनुसार, स्वीकृति पूर्ण और बिना शर्त होनी चाहिए। यदि प्रस्ताव के प्रति प्रस्ताव प्राप्तकर्ता की प्रतिक्रिया में कोई नया नियम शामिल हो जाए, तो इसका विधिक प्रभाव क्या होगा ?

**A.** यह एक वैध स्वीकृति बन जाती है, और नया नियम केवल एक सुझाव के रूप में शामिल हो जाता है।

**B.** यदि नया नियम कोई भौतिक परिवर्तन नहीं है, तो यह एक वैध स्वीकृति के रूप में कार्य करता है।

**C.** यह https://www.validcollege.com [illegible] मूल प्रस्ताव अस्वीकृत हो जाता है ।

**D.** यह मूल प्रस्ताव को तब तक के लिए स्थगित कर देता है जब तक कि प्रस्तावक द्वारा नया नियम स्वीकृत या अस्वीकृत नहीं कर दिया जाता ।

**Answer: C**

**Q 54.** भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 उन विशिष्ट परिस्थितियों का प्रावधान करता है जहाँ बिना प्रतिफल के किया गया समझौता शून्य नहीं होता । निम्नलिखित में से कौन-सा समझौता नए प्रतिफल के अभाव में भी वैध है?

**A.** 'A' द्वारा 'B' को पिछले महीने 'A' को स्वेच्छा से दी गई सेवा के लिए ₹5000 देने का मौखिक वादा ।

**B.** पति द्वारा स्वाभाविक प्रेम और स्नेह के कारण अपनी पत्नी को संपत्ति हस्तांतरित करने का लिखित और पंजीकृत वादा

**C.** किसी सार्वजनिक धर्मार्थ निधि में ₹ 1 लाख दान करने का वादा |

**D.** किसी नाबालिग द्वारा वयस्क होने पर अपनी अल्पवयस्कता के दौरान लिए गए ऋण को चुकाने का वादा |

**Answer: B**

**Q 55.** प्रत्यायोजित विधान के संदर्भ में, वह न्यायिक सिद्धांत जो विधायिका को प्रशासन पर "अनियंत्रित विधायी शक्ति" प्रदान करने से रोकता है, उसे किस सिद्धांत के [illegible] में https://www.validcollege.com जाना जाता है :

**A.** अधिकार - बाह्य (अधिकारातीत)

**B.** अत्यधिक प्रत्यायोजन

**C.** सशर्त विधान

**D.** शक्तियों का पृथक्करण...

**Answer: B**

**Q 56.** हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत विवाह को अमान्य करने के लिए इस आधार पर याचिका दायर की जाती है कि सहमति धोखाधड़ी से प्राप्त की गई थी, तो डिक्री प्रदान करने में वैधानिक बाधा क्या है ?

**A.** धोखाधड़ी का पता चलने के छह महीने से अधिक समय बाद याचिका दायर की गई थी।

**B.** धोखाधड़ी का पता चलने के बाद से याचिकाकर्ता प्रत्यर्थी के साथ पति-पत्नी के रूप में रह रहा है।

**C.** धोखाधड़ी प्रत्यर्थी के परिवार की सामाजिक स्थिति से संबंधित है ।

**D.** दोनों पक्षों ने परामर्श केंद्र के माध्यम से सुलह का प्रयास नहीं किया है ।

**Answer: B**

**Q 57.** पक्षकारों के बीच किसी समझौते के अभाव में, माध्यस्थम् और सुलह अधिनियम, 1996 की धारा 21 के अंतर्गत मध्यस्थता कार्यवाही निम्नलिखित तिथि से प्रारंभ मानी जाएगी:

**A.** मध्यस्थ की नियुक्ति की तिथि पर ।

**B.** मध्यस्थता समझौते पर हस्ताक्षर की तिथि पर ।

**C.** प्रत्यर्थी द्वारा मध्यस्थता हेतु अनुरोध प्राप्त होने की तिथि पर ।

**D.** माध्यस्थम् अधिकरण द्वारा नोटिस जारी करने की तिथि पर ।

**Answer: C**

**Q 58.** निम्नलिखित में से किस जनहित याचिका ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 का विस्तार करके प्रदूषण मुक्त जल और वायु के आनंद के अधिकार को इसमें शामिल किया?

**A.** सुभाष कुमार बनाम बिहार राज्य, (1991) 1 एससीसी 598

**B.** नीलावती बेहरा बनाम उड़ीसा राज्य, (1993) 2 एससीसी 746

**C.** शीला बरसे बनाम भारत संघ (1986) 3 एससीसी 596

**D.** ओल्गा टेलिस बनाम बॉम्बे नगर निगम, (1985) 3 एससीसी 545

**Answer: A**

**Q 59.** किस जनहित याचिका मामले के परिणामस्वरूप भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने 'पूर्ण दायित्व' का सिद्धांत निर्धारित किया ?

**A.** एम. सी. मेहता बनाम भारत संघ, एआईआर 1987 एससी 1086

**B.** एम. सी. मेहता बनाम भारत संघ, 1988 एससीआर (2) 530

**C.** एम. सी. मेहता बनाम कमल नाथ, (1997) 1 एससीसी 388

**D.** एम. सी. मेहता बनाम भारत संघ, एआईआर 1997 एससी 734

**Answer: A**

**Q 60.** निम्नलिखित में से किस मामले में, भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने यह स्पष्ट किया है कि नेमो जुडेक्स इन कॉसा सुआ का नियम आवश्यकता के सिद्धांत के अधीन है ?

**A.** साहनी सिल्क मिल्स (प्रा.) लिमिटेड बनाम कर्मचारी राज्य बीमा निगम, (1994) 5 एससीसी 346

**B.** इन रे; दिल्ली कानून अधिनियम, एआईआर 1951 एससी 332

**C.** जे. महापात्रा एंड कंपनी बनाम उड़ीसा राज्य, (1984) 4 एससीसी 103

**D.** भारत संघ बनाम जी. गणयुथम, (1997) 7 एससीसी 463

**Answer: C**

**Q 61.** सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 11 के अनुसार, किसी अनुवर्ती वाद पर रेस ज्युडिकेटा (पूर्व-न्याय) लागू होने के लिए, पूर्ववर्ती वाद

I. अंतिम रूप से निर्णीत हो चुका होना चाहिए ।

II. केवल अनुवर्ती वाद से पहले संस्थित किया जा सकता है।

III. अनुवर्ती वाद में सीधे और मूलतः उसी मामले से संबंधित होना चाहिए।

IV. उन्हीं पक्षों के बीच होना चाहिए, या उन पक्षों के बीच होना चाहिए जिनके अधीन वे या उनमें से कोई दावा करता है।

सही उत्तर चुनें।

**A.** I, II and III

**B.** II, III and IV

**C.** I, III and IV

**D.** I, II, III and IV

**Answer: C**

**Q 62.** जहाँ डिक्री धन के भुगतान के लिए है, वहाँ कारावास द्वारा निष्पादन का आदेश तब तक नहीं दिया जाएगा जब तक कि निर्णीत ऋणी को कारण बताने का अवसर देने के बाद, न्यायालय इस बात से संतुष्ट न हो जाए कि

I. निर्णीत ऋणी के फरार होने या न्यायालय के अधिकार क्षेत्र की स्थानीय सीमाओं को छोड़ने की संभावना है।

II. निर्णीत ऋणी ने, उस वाद के संस्थित होने से पहले जिसमें डिक्री पारित की गई थी,

अपनी संपत्ति का कोई भाग बेईमानी से हस्तांतरित कर दिया है ।

III. डिक्री उस राशि के लिए है जिसके लिए निर्णीत ऋणी न्यासीय हैसियत से हिसाब देने के लिए बाध्य था ।

IV. निर्णीत ऋणी के पास, डिक्री की तिथि से, डिक्री की पर्याप्त राशि का भुगतान करने के साधन हैं / थे और उसने उसे भुगतान करने में उपेक्षा की है ।

सही उत्तर चुनें।

**A.** I, II and III

**B.** II, III and IV

**C.** I, III and IV

**D.** I, II, III and IV

**Answer: D**

**Q 63.** सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अनुसार, प्रतिवादी के विरुद्ध एकपक्षीय डिक्री को अपास्त किया जा सकता है

I. यदि वह न्यायालय को संतुष्ट कर दे कि समन की तामील विधिवत नहीं की गई थी ।
II. यदि वह न्यायालय को संतुष्ट कर दे कि वाद की सुनवाई के समय उसे किसी पर्याप्त कारण से उपस्थित होने से रोका गया था।
III. यदि वह न्यायालय को संतुष्ट कर दे कि समन की तामील में अनियमितता हुई है, जबकि प्रतिवादी को सुनवाई की तारीख की सूचना थी और उसके पास उपस्थित होकर वादी के दावे का उत्तर देने के लिए पर्याप्त समय था ।
IV. विरोधी पक्ष को सूचना तामील किए बिना ।

सही उत्तर चुनें।

**A.** I and II

**B.** I, II and III

**C.** I and IV

**D.** I, II, III and IV

**Answer: A**

**Q 64.** पुलिस हिरासत (अभिरक्षा) में किसी व्यक्ति द्वारा किया गया संस्वीकृति बयान भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के अंतर्गत कब स्वीकार्य होगा ?

**A.** केवल तभी जब यह स्वेच्छा से लिखित रूप में दिया गया हो

**B.** केवल तभी जब यह मजिस्ट्रेट की तत्काल उपस्थिति में दिया गया हो

**C.** केवल तभी जब यह दो स्वतंत्र गवाहों द्वारा समर्थित हो

**D.** केवल तभी जब यह आरोप पत्र दाखिल होने के बाद दर्ज किया गया हो

**Answer: B**

**Q 65.** भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 की कौन-सी धारा विशेषज्ञों की राय से संबंधित है?

**A.** धारा 38

**B.** धारा 39

**C.** धारा 36

**D.** धारा 46

**Answer: B**

**Q 66.** भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

**A.** A, B के साथ कुछ शर्तों पर नील की आपूर्ति के लिए लिखित अनुबंध करता है । अनुबंध में इस तथ्य का उल्लेख है कि B ने किसी अन्य अवसर पर, मौखिक रूप से, अनुबंधित अन्य नील की कीमत A को चुकाई थी। मौखिक साक्ष्य प्रस्तुत किया जाता है कि अन्य नील के लिए कोई भुगतान नहीं किया गया था । साक्ष्य स्वीकार्य है ।

**B.** A, 1 मार्च, 2023 को B को एक हज़ार रुपये देने के लिए लिखित रूप से पूर्णत: सहमत होता है। यह तथ्य कि उसी समय, एक मौखिक समझौता किया गया था कि 31 मार्च, 2023 तक धनराशि का भुगतान नहीं किया जाएगा, सिद्ध किया जा सकता है।

**C.** A, B की संपत्ति, कुछ खदानों पर कुछ शर्तों पर काम करने के लिए B के साथ एक लिखित अनुबंध करता है। B द्वारा उनके बारे में गलत जानकारी दिए जाने के कारण A को ऐसा करने के लिए प्रेरित किया गया था । इस तथ्य को सिद्ध किया मूल्य जा सकता है।

**D.** A, B से माल मँगवाने के लिए एक पत्र भेजता है जिसमें भुगतान के समय के बारे में कुछ नहीं बताया गया है, और माल की सुपुर्दगी पर उसे स्वीकार कर लेता है।B, A पर कीमत के लिए वाद दायर करता है। A यह दर्शित कर सकता है कि माल उधार पर उस अवधि के लिए दिया गया था जो अभी समाप्त नहीं हुई है।

**Answer: B**

**Q 67.** हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 के अनुसार, दो व्यक्तियों को "प्रतिषिद्ध नातेदारी की डिग्रियाँ" में माना जाता है यदि: https://www.validcollege.com

I. एक उनमें से दूसरे का पारंपरिक पूर्वपुरुष हो, जिसमें दत्तक नातेदारी भी शामिल है।

II. एक उनमें से दूसरे के पारंपरिक पूर्वपुरुष या वंशज की पत्नी या पति रहा हो, जिसमें अर्ध या एकोदर रक्त के साथ-साथ पूर्ण रक्त की नातेदारी भी शामिल है।

III. यदि एक उनमें से दूसरे के भाई की या पिता अथवा माता के भाई की, या पितामह अथवा पितामही के भाई की या मातामह अथवा मातामही के भाई की पत्नी रही हो ।

IV. यदि वे भाई और बहन, ताया, चाचा और भतीजी, मामा और भांजी, फूफी और भतीजा, मौसी और भांजा या भाई-बहन के आपत्य, भाई-भाई के आपत्य अथवा बहन-बहन के आपत्य हों ।

सही उत्तर चुनें।

**A.** I, III and IV

**B.** III and IV

**C.** II, III and IV

**D.** I, II, III and IV

**Answer: D**

**Q 68.** भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और सुधार के लिए प्रत्येक नागरिक का मौलिक कर्तव्य निर्धारित करता है ?

**A.** अनुच्छेद 48A

**B.** अनुच्छेद 39A

**C.** अनुच्छेद 51A(g)

**D.** अनुच्छेद 51A(h)

**Answer: C**

**Q 69.** मुस्लिम विवाह विघटन अधिनियम, 1939 की धारा 2 के अंतर्गत विवाह विघटन की डिक्री के आधार हैं

I. पति का ठौर- ठिकाना दो वर्षों से ज्ञात नहीं है ।

II. पति को पाँच वर्ष की अवधि के लिए कारावास का दण्ड दिया गया है ।

III. पति दो वर्षों की अवधि के लिए, बिना समुचित कारण के, अपने वैवाहिक कर्तव्यों का पालन करने में असफल रहा है।

IV. पति ने एक वर्ष की अवधि के लिए उसकी पत्नी के भरण-पोषण की उपेक्षा की है या उसे प्रदान करने में असफल रहा है।

सही उत्तर चुनें।

**A.** III and IV

**B.** I and II

**C.** I, II, III and IV

**D.** इनमें से कोई नहीं

**Answer: D**

**Q 70.** सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के अनुसार, किसी विशेष इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड (अभिलेख) के संबंध में "मध्यवर्ती" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो किसी अन्य व्यक्ति की ओर से उस रिकॉर्ड (अभिलेख) को प्राप्त करता है, भंडारित करता है या पारेषित करता है या उस रिकॉर्ड (अभिलेख) के संबंध में कोई सेवा प्रदान करता है और उसके अंतर्गत शामिल हैं :

I. दूरसंचार सेवा प्रदाता ।

II. सर्च इंजन ।

III. साइबर कैफे ।

IV. ऑनलाइन नीलामी (ऑक्शन) साइटें ।

सही उत्तर चुनें।

**A.** I and IV

**B.** I and II

**C.** I, II and IV

**D.** I, II, III and IV

**Answer: D**

**Q 71.** माध्यस्थम् और सुलह अधिनियम, 1996 की धारा 37 के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन- सा आदेश अपील योग्य नहीं है ?

**A.** धारा 8 के अधीन पक्षों को मध्यस्थता के लिए निर्दिष्ट करने से इंकार करना ।

**B.** धारा 11 के अंतर्गत मध्यस्थ नियुक्त करने से इंकार करना ।

**C.** धारा 9 के अंतर्गत कोई उपाय को मंजूर करने से इंकार करना ।

**D.** धारा 17 के अंतर्गत अंतरिम उपाय को मंजूर करने से इंकार करना ।

**Answer: B**

**Q 72.** अधिवक्ता अधिनियम, 1961 की धारा 9A के अंतर्गत, बार काउंसिल द्वारा गठित विधिक सहायता समिति में निम्नलिखित सदस्य होंगे :

**A.** तेरह से अधिक नहीं परंतु नौ से कम नहीं।

**B.** ग्यारह से अधिक नहीं परंतु सात से कम नहीं ।

**C.** नौ से अधिक नहीं परंतु पाँच से कम नहीं।

**D.** सात से अधिक नहीं परंतु तीन से कम नहीं।

**Answer: C**

**Q 73.** अधिवक्ता अधिनियम, 1961 की कौन सी धारा भारतीय बार काउंसिल की अनुशासनात्मकशक्तियों का प्रावधान करती है ?

**A.** धारा 35

**B.** धारा 36

**C.** धारा 37

**D.** धारा 38

**Answer: B**

**Q 74.** सूची 1 (अपकृत्य में सामान्य बचाव) को सूची II (प्रमुख मामले) से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करके सही उत्तर सुनिए

सूची I

i. ईश्वरीय कृत्य

ii. सहमति (वोलेंटी नॉन फिट इंजुरिया)

iii. वैधानिक प्राधिकरण

iv. आवश्यकता

सूची II

1. वॉन बनाम टैफ वेल रेल कंपनी (1860) 5 एच एंड एन 679

2. कर्क बनाम ग्रेगरी (1876) 1 एक्स. डी. 55

3. निकोल्स बनाम मार्सलैंड (1876) 2 एक्स. डी. 1

4. हॉल बनाम ब्रुकलैंड्स ऑटो-रेसिंग क्लब (1933) 1 केबी 205

**A.** i-1; ii-2; iii-3; iv-4

**B.** i-2; ii-3; iii-4; iv-1

**C.** i-3; ii-4; iii-1; iv-2

**D.** i-4; ii-1; iii-3; iv-2

**Answer: C**

**Q 75.** उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की धारा 3 (2) के अंतर्गत केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण परिषद में निम्नलिखित शामिल होंगे :

**A.** एक अध्यक्ष और दस अन्य सदस्य, या एक अध्यक्ष और ऐसे अन्य सदस्य जो विहित किए जा सकते हैं।

**B.** एक अध्यक्ष और पाँच अन्य सदस्य ।

**C.** एक अध्यक्ष और ऐसे अन्य सदस्य जो विहित किए जा सकते हैं।

**D.** एक अध्यक्ष और दस अन्य सदस्य ।

**Answer: C**

**Q 76.** निम्नलिखित में से किस मामले में, भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने यह माना कि प्रस्तावना संविधान का हिस्सा नहीं है ?

**A.** केरल शिक्षा विधेयक, 1957 के संबंध में, AIR 1958 SC 956

**B.** केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य, AIR 1973 Sc 1461

**C.** बेरुबारी यूनियन एंड एक्सचेंज ऑफ एन्क्लेव्स के संबंध में, AIR 1960 SC 845

**D.** मिनर्वा मिल्स लिमिटेड बनाम भारत संघ, AIR 1980 SC 1789

**Answer: C**

**Q 77.** भारत के संविधान का कौन-सा अनुच्छेद संधियों और अंतर्राष्ट्रीय समझौतों को प्रभावी करने के लिए संसद द्वारा बनाए गए कानूनों की विषय-वस्तु से संबंधित है ?

**A.** अनुच्छेद 249

**B.** अनुच्छेद 251

**C.** अनुच्छेद 253

**D.** अनुच्छेद 255

**Answer: C**

**Q 78.** निम्नलिखित में से किस निर्णय / निर्णयों में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने 'निजता के अधिकार' के मुद्दे https://www.validcollege.com विचार किया था ?

I. खड़क सिंह बनाम उत्तर प्रदेश राज्य एवं अन्य (एआईआर 1963 एससी 1295)

II. पीयूसीएल बनाम भारत संघ (एआईआर 1997 एससी 568)

III. न्यायमूर्ति के.एस. पुट्टस्वामी (सेवानिवृत्त) एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य (2017) 10 एससीसी 1

IV. एमपी शर्मा बनाम सतीश चंद्र (एआईआर 1954 एससी 300)

**A.** II, III और IV

**B.** II और III

**C.** केवल III

**D.** I, II, III और IV

**Answer: D**

**Q 79.** यदि भारत संघ द्वारा किसी अन्य देश को कोई क्षेत्र सौंप दिया जाता है, तो निम्नलिखित में से कौन-सी कार्रवाई आवश्यक है ?

**A.** भारत संघ की कार्यकारी कार्रवाई

**B.** राष्ट्रपति की घोषणा, जिसमें घोषणा जारी करते समय संवैधानिक शक्ति का प्रयोग किया जाता है

**C.** भारत संघ की कार्यकारी कार्रवाई, और फिर संसद द्वारा विधायी अधिनियमन

**D.** संसद द्वारा विधायी अधिनियमन, और फिर भारत संघ की कार्यकारी कार्रवाई

**Answer: D**

**Q 80.** राष्ट्रपति ने एक प्रश्न सर्वोच्च न्यायालय को भेजा है और सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 143 के अनुसार, राष्ट्रपति को तदनुसार परामर्श दिया है।

क्या सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दी गई सलाह को 'न्यायिक दृष्टान्त / पूर्वनिर्णय' माना जा सकता है ?

**A.** नहीं, क्योंकि इसे निर्णय नहीं माना जाता है

**B.** हाँ, क्योंकि इसे निर्णय माना जाता है

**C.** नहीं, क्योंकि इसे खुली अदालत में नहीं सुनाया जाता है

**D.** हाँ, क्योंकि इसे खुली अदालत में सुनाया जाता है

**Answer: A**

**Q 81.** मानहानि के एक आपराधिक मुकदमे में, निचली अदालत, अर्थात् उच्च न्यायालय, ने दिए गए मामले से संबंधित किसी भी समाचार के प्रकाशन पर रोक लगा दी है। दिए गए आदेश को पारित करते समय उच्च न्यायालय ने निम्नलिखित में से किस संवैधानिक शक्ति का प्रयोग किया है ?

**A.** परमादेश रिट जारी करने की शक्ति

**B.** प्रतिषेध रिट जारी करने की शक्ति

**C.** अंतर्निहित शक्ति

**D.** अवशिष्ट शक्ति

**Answer: C**

**Q 82.** भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने घोषणा की है कि 'सूचना का अधिकार' भारत के प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है । निम्नलिखित में से कौन-सा प्रावधान सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए मौलिक अधिकार के स्रोत के रूप में प्रयुक्त होता है ?

**A.** भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19(1)(b)

**B.** सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

**C.** भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19(1)(a)

**D.** भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19(1) और सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005, सामूहिक रूप से

**Answer: C**

**Q 83.** भारतीय संविधान की निम्नलिखित में से कौन-सी अनुसूची 'कुछ अधिनियमों और विनियमों के विधिमान्यकरण' के विषय से संबंधित है ?

**A.** अनुसूची IX

**B.** अनुसूची III

**C.** अनुसूची V

**D.** अनुसूची X

**Answer: A**

**Q 84.** भारत के संविधान के अनुच्छेद 32 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. यह अनुच्छेद लोकस स्टैन्डाय बारे में मौन है कि सर्वोच्च न्यायालय में कौन जा सकता है।

II. यह अनुच्छेद उस विरोधी पक्ष के बारे में मौन है जिसके विरुद्ध अनुच्छेद 32 के अंतर्गत राहत प्रदान की जा सकती है।

III. यह अनुच्छेद अपने दायरे में छठे प्रकार की रिट के लिए भी स्थान प्रदान करता है।

सही उत्तर का चयन कीजिए ।

**A.** I असत्य है ।

**B.** II असत्य है ।

**C.** III असत्य है ।

**D.** सभी कथन सत्य हैं

**Answer: D**

**Q 85.** अनुच्छेद 129 और 215 के अनुसार, भारत का सर्वोच्च न्यायालय और राज्यों के उच्च न्यायालय अभिलेख न्यायालय हैं और उनके पास अवमानना का क्षेत्राधिकार है। इसी संबंध में निचली न्यायपालिका के बारे में क्या सत्य है ?

**A.** निचली न्यायपालिका को अपनी अवमानना सहन करनी पड़ती है

**B.** निचली न्यायपालिका को अपनी अवमानना की शिकायत भारत के सर्वोच्च न्यायालय में करनी पड़ती है ।

**C.** निचली न्यायपालिका अवमानना करने वाले को उसकी अवमानना के लिए स्वयं दंडित कर सकती है।

**D.** संबंधित उच्च न्यायालय उस अवमानना के मामले पर विचार कर सकते हैं जिसके क्षेत्राधिकार में निचली अदालत आती है।

**Answer: D**

**Q 86.** भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने आर. के. आनंद बनाम रजिस्ट्रार, दिल्ली उच्च न्यायालय (2009) 8 एससीसी 106 में एक वकील को निम्नलिखित कदाचार का दोषी ठहराया :

**A.** कार्यवाही के दौरान न्यायाधीशों को धमकाने और अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने के लिए ।

**B.** झूठे शपथ-पत्र दाखिल करने और न्यायाधीशों के विरुद्ध बेबुनियाद आरोप लगाने के लिए।

**C.** एक गवाह को प्रभावित करने का प्रयास करके आपराधिक मुकदमे में हस्तक्षेप करने के लिए।

**D.** एक कार्यरत मुख्य न्यायाधीश के विरुद्ध निंदनीय पर्चे प्रसारित करने के लिए ।

**Answer: C**

**Q 87.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए :

सूची I

i. शून्य और शून्यकरणीय विवाहों से उत्पन्न संतानों की वैधता

ii. द्विविवाह का दंड

iii. न्यायिक पृथक्करण

iv. शून्यकरणीय विवाह

सूची II

1. धारा 10, हिंदू विवाह अधिनियम, 1955

2. धारा 12, हिंदू विवाह अधिनियम, 1955

3. धारा 17, हिंदू विवाह अधिनियम, 1955

4. धारा 16, हिंदू विवाह अधिनियम, 1955

**A.** i-3; ii-4; iii-1; iv-2

**B.** i-4; ii-3; iii-2; iv-1

**C.** i-4; ii-3; iii-1; iv-2

**D.** i-1; ii-2; iii-4; iv-3

**Answer: C**

**Q 88.** भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 के अंतर्गत, यदि मूल ऋणी, ऋण का कुछ भाग अदा न किया हुआ छोड़ दे तथा दो या अधिक सह-जमानतदार हों, तो क्या होगा ?

**A.** ऋणदाता अकेले ही ऋण का अदा न किया हुआ भाग वहन करता है

**B.** ऋणी का परिवार अदा न की हुई राशि के लिए उत्तरदायी हो जाता है

**C.** सह-जमानती अदा न किए हुए भाग को समान अंश में बाँटते हैं

**D.** सम्पूर्ण अदा न की हुई राशि का भुगतान पहले संपर्क किए गए जमानतदार द्वारा किया जाना है

**Answer: C**

**Q 89.** विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 के अन्तर्गत, चल सम्पत्ति पर कब्जा रखने वाले प्रतिवादी को उसे वादी को सौंपने के लिए कब बाध्य किया जा सकता है ?

**A.** जब संपत्ति वादी के एजेंट या ट्रस्टी के रूप में रखी जाती है

**B.** जब संपत्ति वादी की गिरवी रखी गई संपत्ति के रूप में रखी जाती है

**C.** जब संपत्ति वादी के पट्टेदार या उप-किरायेदार के रूप में रखी जाती है

**D.** जब संपत्ति वादी के साथ सह-स्वामी के रूप में रखी जाती है

**Answer: A**

**Q 90.** निम्नलिखित कथनों को पढ़ें और सही विकल्प चुनें|

कथन 1 : प्रशासनिक अधिकरण अधिनियम, 1985 के अंतर्गत, दो या दो से अधिक राज्यों के लिए एक संयुक्त प्रशासनिक अधिकरण उन राज्यों के लिए एक प्रशासनिक अधिकरण के समान अधिकार क्षेत्र, शक्तियों और प्राधिकार का प्रयोग करता है ।

कथन 2 : अवमानना के प्रयोजनों के लिए, एक अधिकरण उच्च न्यायालय के समान शक्तियों का प्रयोग करता है, और न्यायालय अवमान अधिनियम, 1971 में उच्च न्यायालय के संदर्भों में ऐसे अधिकरणों को शामिल करने के लिए व्याख्या की जाती है।

प्रशासनिक अधिकरण अधिनियम, 1985 के अंतर्गत उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?

**A.** कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं

**B.** केवल कथन 1 सत्य है

**C.** केवल कथन 2 सत्य है

**D.** दोनों कथन सत्य हैं

**Answer: D**

**Q 91.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है। https://www.validcollege.com

अभिकथन (A) : धन विधेयक केवल लोक सभा में ही प्रस्तुत किया जा सकता है, राज्य सभा में नहीं ।

कारण (R) : राज्य सभा 14 दिनों के भीतर धन विधेयक पर केवल सिफारिशें कर सकती है, लेकिन लोक सभा उन्हें स्वीकार या अस्वीकार कर सकती है, और किसी भी स्थिति में, विधेयक पारित माना जाता है ।

भारत के संविधान के अनुच्छेद 109 के अंतर्गत उपर्युक्त अभिकथन और कारण के संदर्भ में, निम्नलिखित मे से कौन सा सही है ?

**A.** (A) और (R) दोनों सत्य हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

**B.** (A) और (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

**C.** (A) सत्य है, लेकिन (R) असत्य है ।

**D.** (A) असत्य है, लेकिन (R) सत्य है ।

**Answer: A**

**Q 92.** कंपनीज एक्ट, 2013 के अंतर्गत पंजीकृत किसी कंपनी को परिचालन शुरू करने से पहले व्यवसाय प्रारंभ करने की घोषणा दाखिल करनी होती है। निदेशक इस दायित्व की अनदेखी करते हैं और फर्म घोषणा दाखिल किए बिना ही व्यावसायिक गतिविधियाँ शुरू कर देती है । इस तरह की गैर-अनुपालन के लिए संबंधित रजिस्ट्रार द्वारा कंपनी पर कितना जुर्माना लगाया जा सकता है ?

**A.** ₹25,000

**B.** ₹50,000

**C.** ₹75,000

**D.** ₹1,00,000

**Answer: B**

**Q 93.** यदि कई अपराधों के लिए अलग-अलग दंड का प्रावधान है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि कौन सा अपराध किया गया है, तो भारतीय दंड संहिता की धारा 72 आनुपातिक न्याय कैसे सुनिश्चित करती है ?

**A.** सबसे कम निर्धारित अवधि वाले अपराध के लिए दंड लगाकर

**B.** सभी संभावित अपराधों के औसत के बराबर दंड लगाकर

**C.** दंड का विकल्प अभियोजन अधिकारी पर छोड़कर

**D.** आगे स्पष्टीकरण होने तक दंड को निलंबित करके

**Answer: A**

**Q 94.** श्रीमान X एक बेकरी के मालिक हैं जहाँ वे 16 वर्षीय किशोर Y को काम पर रखते हैं। शुरुआत में, X, Y को प्रत्येक रविवार को साप्ताहिक अवकाश देता है। दो महीने बाद, X साप्ताहिक अवकाश को बुधवार करने का फैसला करता है और इस बदलाव के बारे में बेकरी की दीवार पर एक नोटिस चिपका देता है। बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के अनुसार, यह बदलाव :

**A.** विधिमान्य है, क्योंकि नियोक्ता किसी भी समय नोटिस देकर छुट्टियों में बदलाव कर सकते हैं ।

**B.** अविधिमान्य है, क्योंकि साप्ताहिक छुट्टियों में कम-से-कम तीन महीने पूरे होने से पहले बदलाव नहीं किया जा सकता ।

**C.** विधिमान्य है, क्योंकि किशोर को प्रत्येक सप्ताह एक पूरा दिन आराम दिया जाता है।

**D.** केवल तभी अविधिमान्य होगा जब सूचना संस्थान में प्रदर्शित न की गई हो

**Answer: B**

**Q 95.** उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की परिभाषा के तहत किस व्यक्ति को उपभोक्ता नहीं माना जाएगा ?

**A.** वह व्यक्ति जो घरेलू उपयोग के लिए किश्तों पर रेफ्रिजरेटर खरीदता है ।

**B.** वह व्यक्ति जो पारिवारिक उपयोग के लिए आंशिक रूप से भुगतान और आंशिक रूप से वादा किया हुआ टेलीविजन खरीदता है ।

**C.** वह व्यक्ति जो पुनर्विक्रय या किसी व्यावसायिक उद्देश्य से सामान खरीदता है।

**D.** वह व्यक्ति जो किसी रिश्तेदार द्वारा खरीदे गए फर्नीचर का उसकी सहमति से उपयोग करता है ।

**Answer: C**

**Q 96.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है।

अभिकथन (A) : भारत के राष्ट्रपति को किसी अपराध के लिए दोषी ठहराए गए किसी भी व्यक्ति को क्षमादान, विलंब, राहत या दंड में छूट देने, या दंड को निलंबित करने, माफ करने या लघुकृत करने की शक्ति है, बशर्ते कि दंड सैन्य न्यायालय द्वारा दिया गया हो या दंड मृत्युदंड हो ।

कारण (R) : अनुच्छेद 72 के तहत यह शक्ति राज्य के कानून के तहत मृत्युदंड को माफ करने या लघुकृत करने की राज्यपाल की शक्तियों को रद्द कर देती है।

भारत के संविधान के अनुच्छेद 72 के तहत उपर्युक्त अभिकथन और कारण के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?

**A.** (A) और (R) दोनों सत्य हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है।

**B.** (A) और (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

**C.** (A) सत्य है, लेकिन (R) असत्य है ।

**D.** (A) असत्य है, लेकिन (R) सत्य है।

**Answer: C**

**Q 97.** निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन के बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं।

कथन :

घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम, 2005 के अंतर्गत, एक मजिस्ट्रेट प्रत्यर्थी को घरेलू हिंसा के कृत्य करने, पीड़ित व्यक्ति से संपर्क करने, बिना अनुमति के संपत्ति या स्त्रीधन को संक्रामित (हस्तांतरित) करने, या उसके आश्रितों को नुकसान पहुँचाने से रोकने के लिए सुरक्षा आदेश जारी कर सकता है।

**A.** केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है

**B.** केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है

**C.** निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं

**D.** न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है

**Answer: C**

**Q 98.** मोटर वाहन अधिनियम 1988 के अनुसार, ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन करते समय लाइसेंसिंग प्राधिकारी का अधिकार क्षेत्र किस कारक पर निर्भर करता है ?

**A.** वह स्थान जहाँ आवेदक की पारिवारिक पैतृक संपत्ति है।

**B.** वह स्थान जहाँ आवेदक का एक वर्ष से अधिक समय से बैंक खाता है।

**C.** वह स्थान जहाँ आवेदक स्थानीय निकाय चुनावों में मतदान करता है।

**D.** वह स्थान जहाँ आवेदक सामान्यत: निवास करता है या व्यवसाय करता है ।

**Answer: D**

**Q 99.** यदि आजीवन कारावास की सजा पाए किसी दोषी को भारतीय दंड संहिता की धारा 57 के तहत सजा में छूट देने (भिन्नों) पर विचार किया जा रहा है, तो न्यायालय द्वारा कितने वर्षों की समतुल्य अवधि लागू की जाएगी ?

A. दस वर्ष का कारावास

B. बीस वर्ष का कारावास

C. चालीस वर्ष का कारावास

D. पचास वर्ष का कारावास

**Answer: B**

**Q 100. उपदान संदाय (ग्रेच्युटी भुगतान) अधिनियम, 1972 के अनुसार, किन परिस्थितियों में किसी कर्मचारी को उसके नियोक्ता द्वारा ग्रेच्युटी भुगतान के लिए पाँच वर्ष की निरंतर सेवा पूरी करना अनिवार्य नहीं है ?**

A. कर्मचारी द्वारा पद से स्वैच्छिक त्यागपत्र ।

B. कार्यस्थल पर कदाचार के कारण कर्मचारी की बर्खास्तगी

C. दुर्घटना या बीमारी के कारण कर्मचारी की मृत्यु या विकलांगता ।

D. कर्मचारी का उसी संगठन के किसी अन्य विभाग में स्थानांतरण

**Answer: C**